Nai Dunia (Indore), 10th September 2021, Page-1

# आइआइएम इंदौर की रैंकिंग सुधरी, देश में सातवें से अब छठे स्थान पर

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जारी की एनआइआरएफ रैंकिंग, आइआइटी इंदौर तीन पायदान खिसककर 13वें स्थान पर

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) की गुरुवार को जारी रैंकिंग में आइआइएम इंदौर देश के प्रबंध संस्थानों में छठे नंबर पर है। पिछले वर्ष सातवें नंबर पर था। आइआइएम इंदौर सभी आइआइएम की श्रेणी में पांचवें स्थान पर है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर की रैंकिंग तीन पायदान गिरी है। आइआइटी इंदौर को इस वर्ष 13वां स्थान मिला है जो पिछले वर्ष 10वां था। इंदौर में स्थित प्रदेश के सबसे बड़े आटोनोमस इंजीनियरिंग संस्थान श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआइटीएस) प्रौद्योगिकी संस्थानों की सूची में 181 रैंक पर है। पिछले वर्ष इसकी रैंकिंग 242 थी।




आइआइएम इंदौर का फाइल फोटो। ● नईदुनिया

### एसजीएसआइटीएस को देश के शीर्ष 100 संस्थानों में लाने का लक्ष्य

एसजीएसआइटीएस के निदेशक डा. राकेश सक्सेना का कहना है कि कुछ वर्षों से एनआइआरएफ रैंकिंग जारी होने से शिक्षण संस्थान साधन संसाधनों पर और ध्यान देने लगे हैं। हमारे संस्थान की रैंकिंग में इस बार काफी सुधार हुआ है। अगले वर्षों में हमारा मकसद संस्थान को देश के शीर्ष 100 प्रौद्योगिकी संस्थानों में शामिल करना है।

### आइआइएम इंदौर का 16 देशों में 40 से अधिक शिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग

आइआइएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय का कहना है कि शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में संस्थान को कई उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। अब संस्थान का 16 देशों में 40 से अधिक शिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग है जो प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों को छात्र विनिमय और शोध के लिए अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष संस्थान ने मप्र औद्योगिक विकास निगम, मप्र शहरी विकास और आवास विभाग, मप्र पुलिस, अयोध्या नगरीय निकाय, कानपुर स्मार्ट सिटी विभाग के साथ-साथ कई अन्य सरकारी और प्रशासनिक बलों का शहरी, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग किया है।

## उच्च शिक्षण संस्थानों में आइआइटी मद्रास फिर शीर्ष पर

नई दिल्ली (ब्यूरो)। एनआइआरएफ की इंडिया रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास ने एक बार फिर ओवरआल कैटेगरी में शीर्ष पर जगह बनाई है। दूसरे स्थान पर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस (आइआइएससी) बेंगलुरु, तीसरे पर आइआइटी बांबे हैं। पिछले साल की रैंकिंग में भी ओवरआल कैटेगरी में आइआइटी मद्रास शीर्ष पर था।

इस साल की रैंकिंग प्रतिस्पर्धा में करीब छह हजार संस्थानों ने हिस्सा लिया था। जबकि देश में उच्च शिक्षण संस्थान करीब 50 हजार है।

### कुछ अन्य प्रमुख कैटेगरी में रैंकिंग

**इंजीनियरिंग** : 1- आइआइटी (मद्रास), 2- आइआइटी (दिल्ली), 3- आइआइटी (बांबे)।
**मैनेजमेंट** : 1- आइआइएम (अहमदाबाद) 2- आइआइएम (बेंगलुरु), 3- आइआइएम (कोलकाता)
**फार्मेसी** : 1- जामिया हमदर्द (दिल्ली) 2- पंजाब विवि, 3- बिट्स पिलानी।
**ला** : 1- नेशनल ला स्कूल आफ इंडिया यूनिवर्सिटी (कर्नाटक), 2- नेशनल ला यूनिवर्सिटी (दिल्ली), 3- नेशनल एकेडमी आफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी आफ ला (तेलंगाना)।
**मेडिकल** : 1- एम्स (दिल्ली), 2- पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (चंडीगढ़) 3- क्रिश्चियन मेडिकल कालेज (तमिलनाडु)।

**रैंकिंग के ये हैं मापदंड**

एनआइआरएफ रैंकिंग को आंकने का जो फार्मूला तैयार किया गया है, उनमें टीचिंग लर्निंग एवं रिसोर्स, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरीच एंड इनक्लूसिटीविटी और परसेप्शन आदि शामिल हैं। इस बार कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए सभी संस्थानों से इससे जुड़ी जानकारी आनलाइन मंगाई गई थी।